AJ-1001

B.A. Regular (Part-I)(001)

Term End Examination, 2021-22

F.C. HINDI LANGUAGE (Paper-I)

Time : Three hours] **[Maximum Marks : 75**

नोट– *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

इकाई–1

1. (क) पल्लवन का अर्थ स्पष्ट करते हुए निम्नलिखित में से किसी एक का पल्लवन कीजिए– **8**

(i) "संगठन में शक्ति है"

(ii) आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है।

अथवा

अनुवाद की परिभाषा दीजिए एवं स्त्रोत भाषा, लक्ष्य भाषा को स्पष्ट कीजिए।

(ख) ईदगाह कहानी का सारांश लिखिए। **7**

अथवा

हामिद ने चिमटा क्यों खरीदा? हामिद के चरित्र से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

इकाई–2

2. (क) (i) निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए–(कोई 4) **8**

(a) कमल (b) गंगा (c) अमृत (d) धरती (e) आग (f) बादल

(ii) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–(कोई 4)

(a) उत्थान (b) सुगम (c) अल्पज्ञ (d) उत्तीर्ण (e) प्राकृतिक (f) आस्तिक

अथवा

निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए–(कोई 4)

(i) घी के दिए जलाना (ii) ईद का चाँद

(iii) टेढ़ी खीर (iv) आकाश पाताल एक करना

(v) नौ दो ग्यारह होना (vi) कमर कसना

(ख) भारत माता के स्वरूप को कवि ने किस रूप में व्यक्त किया है? **7**

अथवा

'भारत वंदना' कविता की निम्न पंक्तियों का भावार्थ लिखिए–

तरु-तृण वन लता वसन
अंचल में खचित सुमन,
गंगा ज्योतिर्जल कण
धवल प्यार हार गले।

इकाई–3

3. (क) देवनागरी लिपि की आठ विशेषताएँ लिखिए। **8**

अथवा

देवनागरी लिपि के नामकरण के संबंध में विद्वानों के विभिन्न मतों का परिचय दीजिए।

अथवा

संक्षेपण का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

https://www.abvvonline.com

(ख) 'भोलाराम का जीव' में निहित व्यंग्य पर प्रकाश डालिए। 7

अथवा

भोलाराम का जीव (व्यंग्य) का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

इकाई–4

4. (क) कम्प्यूटर का सामान्य परिचय देत हुए इसके महत्त्व पर एक लेख लिखिए। 8

अथवा

'कम्प्यूटर और भाषा के बीच द्विपक्षीय और द्विभाषात्मक संबंध है' इस कथन की विवेचना कीजिए।

(ख) 'भारतवर्ष के सभी अनर्थों की जड़ है – जन साधारण की गरीबी' उक्त कथन के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी मैसूर के राजा से क्या अपेक्षा करते हैं? 7

अथवा

मैसूर के महाराजा को लिखे पत्र का सार लिखिए।

इकाई–5

5. (क) मानक भाषा का अर्थ लिखकर विशेषताएँ लिखिए। 8

अथवा

मानक, उपमानक एवं अमानक भाषा का परिचय उदाहरण सहित दीजिए।

(ख) सामाजिक गतिशीलता का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए प्राचीनकाल की विशेषताएँ लिखिए। 7

अथवा

आधुनिक काल में भारतीय समाज में हुए परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए।

https://www.abvvonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.abvvonline.com